संख्या–cm-156
15/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में पूर्वी चंपारण जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 15 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में पूर्वी चंपारण जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री पूर्वी चंपारण जिले के बंजरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत सिसवा पूर्वी पहुंचे जहां उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सिसवा पूर्वी में अल अमीन एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित मदरसे में बच्चे–बच्चियों को दी जा रही शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हर घर नल का जल योजना के सुचारू संचालन के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली और पानी की टंकी को भी देखा। उन्होंने पंचायत सरकार भवन की भूमि का निरीक्षण किया और पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने वहां जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब का पानी साफ रखें। साथ ही वहां पर पौधारोपण करवाएं एवं सोलर लाइट भी लगवाएं। उन्होंने कहा कि बगल में पंचायत सरकार भवन बन जाएगा तो यह और भी अच्छा लगेगा। उन्होंने बगल में बनाए जाने वाले जीविका भवन के मॉडल को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि आपलोग अच्छे से काम करते रहिए तथा जीविका समूह से और अधिक महिलाओं को जोड़िए। हमलोग आपकी बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमसब आप की बदौलत ही आगे बढ़ रहे हैं, तरक्की कर रहे हैं, हमारा परिवार भी खुशहाल है। जिलाधिकारी ने जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य के बारे में चार्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने वहां पहले से बने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री समाहरणालय परिसर पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उन्होंने वहां लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और सर्वसमावेशी विकास मॉडल को देखा। मुख्यमंत्री ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने शिल्पियों द्वारा बिहार के पारंपरिक शिल्प कला से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान शिल्पियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कारा, मोतिहारी के बंदियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को भी देखा और उसकी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री निःशक्तजन

विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना और अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया और प्रसव के दौरान महिलाओं के सेवन हेतु लगाए गए पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 848 लाभार्थियों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0 ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत जीविका नीरा उत्पादक समूहों से भी बातचीत की और उन्हें लोगों को नीरा उत्पाद के उपयोग हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने 12,756 स्वयं सहायता समूहों को 350 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया और जीविका भवन की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री ने जैविक खेती के उत्पादों का भी जायजा लिया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र पीपरा कोठी के समेकित कृषि प्रणाली मॉडल का निरीक्षण किया एवं अनवरत् परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन केंद्र का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित किसानों को अनुदानित कृषि यंत्र की चाबी भी सौंपी। उन्होंने दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल एवं भूमिहीनों को बासगीत पर्चा प्रदान किये।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सह पूर्वी चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुनील कुमार, पंचायती राज मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, विधान पार्षद श्री महेश्वर सिंह, विधायक श्री शशिभूषण सिंह, विधायक श्री मनोज कुमार यादव, विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0 एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री गोपाल मीणा, चंपारण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री प्रणव कुमार प्रवीण, पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक श्री कांतेश कुमार मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******